प्रशासनिक सहायक पद के लिए पाठ्यक्रम

खंड का नाम	प्रति मद अंक	मदों की संख्या
मात्रात्मक योग्यता	1 अंक	16
मौखिक योग्यता	1 अंक	16
तार्किक एवं संख्यात्मक विवेक बुद्धि	1 अंक	22
सामान्य जागरूकता	1 अंक	16
कंप्यूटर अनुप्रयोग का ज्ञान	1 अंक	10
कुल		**80**
कार्योन्मुख अभिक्षमता परीक्षण की अवधि 1.30 घंटे की होगी		

मात्रात्मक योग्यता

इस खंड के प्रश्न उम्मीदवार की संख्याओं के उपयुक्त उपयोग एवं संख्या बोध की क्षमता का परीक्षण करने के लिए डिजाइन किए जाएंगे। परीक्षण का दायरा प्रतिशत, अनुपात एवं समानुपात, वर्गमूल, औसत, ब्याज, लाभ और हानि, छूट, साझेदारी व्यवसाय, मिश्रण एवं मिश्रण का प्रमाण, समय और दूरी, समय और कार्य, स्कूल बीजगणित की मूल बीजगणितीय पहचान, प्राथमिक करणी, रैखिक समीकरणों के आलेख, त्रिभुज एवं उसकी जीवाएँ, स्पर्शरेखाएँ, एक वृत्त की जीवाओं द्वारा अंतरित कोण, दो या दो से अधिक वृत्तों की सामान्य स्पर्श रेखाएँ, त्रिभुज, चतुर्भुज, नियमित बहुभुज, वृत्त, लंब प्रिज्म, लंब वृत्ताकार शंकु, लंब वृत्ताकार बेलन, वर्ग, गोलार्ध, आयताकार समानांतर खात, त्रिकोणीय या वर्गाकार आधार वाला नियमित लंब पिरामिड, त्रिकोणमितीय अनुपात, डिग्री एवं रेडियन माप, मानक पहचान, पूरक कोण, ऊंचाई एवं दूरी, आयतचित्र, आवृत्ति बहुभुज, स्तंभालेख, पाई चार्ट एवं मैट्रिक स्तर का कोई भी अन्य प्रश्न होगा।

मौखिक योग्यता

इस खंड के प्रश्न उम्मीदवार की अंग्रेजी भाषा की समझ एवं ज्ञान का परीक्षण करने के लिए डिजाइन किए जाएंगे जो कि त्रुटि का पता लगाने, रिक्त स्थान भरने, समानार्थक शब्द, विलोम शब्द, वर्तनी/ गलत वर्तनी वाले शब्दों, मुहावरों एवं वाक्यांशों के लिए एक शब्द प्रतिस्थापन, वाक्यों में सुधार, क्रियाओं के कर्तृवाच्य एवं कर्मवाच्य रूपांतरण, प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष कथन, वाक्यांशों का फेरबदल, एक गद्यांश में वाक्यों का फेरबदल, पाठ-बोधन एवं मैट्रिक/उच्चतर माध्यमिक के स्तर पर अंग्रेजी भाषा के अन्य प्रश्नों पर आधारित होंगे।

तार्किक एवं संख्यात्मक विवेक बुद्धि

इसमें मौखिक एवं अमौखिक दोनों प्रकार के प्रश्न शामिल होंगे। इस घटक में समरूपता, समानता एवं अंतर, स्थान प्रत्यक्षीकरण, स्थानिक अभिविन्यास, समस्या समाधान, विश्लेषण, विवेक, निर्णय लेना, दृश्य स्मृति, विभेदन, अवलोकन, संबंध अवधारणा, अंकगणितीय तर्क एवं आकृति वर्गीकरण, अंकगणितीय संख्या श्रृंखला, अमौखिक श्रृंखला, कूटलेखन और कूटवाचन, कथन निष्कर्ष, यौक्तिक विवेक-बुद्धि, आदि पर प्रश्न शामिल हो सकते हैं। विषय शब्दार्थ सादृश्य, प्रतीकात्मक / संख्या सादृश्य, चित्रात्मक सादृश्य, शब्दार्थ श्रृंखला, संख्या श्रृंखला, चित्र श्रृंखला, समस्या समाधान, शब्द निर्माण, कूटलेखन और कूटवाचन, संख्यात्मक प्रचालन, प्रतीकात्मक प्रचालन, रुझान, स्थान अभिविन्यास, स्थान प्रत्यक्षीकरण, वेन आलेख, निष्कर्ष निकलना, पंच होल/ मोड़ना और खोलना, चित्र स्वरुप वलन एवं समापन, सूचीकरण, पता मिलान, तिथि एवं नगर मिलान, केंद्र-कूट / अनुक्रमांकों का वर्गीकरण, छोटे और बड़े अक्षर/संख्या कूट लेखन, कूट लेखन एवं वर्गीकरण, अंतर्निहित चित्र, समालोचनात्मक सोच, भावनात्मक बुद्धिमत्ता, सामाजिक बुद्धिमत्ता एवं अन्य उप-विषय, यदि कोई हो।

सामान्य जागरूकता

उम्मीदवार की अपने आसपास के पर्यावरण के बारे में सामान्य जागरूकता और समाज पर इसके अनुप्रयोग का परीक्षण करने के लिए प्रश्न डिजाइन किए जाएंगे। वर्तमान घटनाओं का ज्ञान और रोजमर्रा के अवलोकन और अनुभव से संबंधित ऐसे विषयों

के वैज्ञानिक पहलुओं के ज्ञान का परीक्षण करने के लिए भी प्रश्न डिजाइन किए जाएंगे, जिनकी एक शिक्षित व्यक्ति से अपेक्षा की जा सकती है। परीक्षा में भारत और उसके पड़ोसी देशों से संबंधित प्रश्न भी शामिल होंगे, विशेष रूप से खेल, इतिहास, संस्कृति, भूगोल, आर्थिक परिदृश्य, भारतीय संविधान सहित सामान्य राजनीति और वैज्ञानिक अनुसंधान आदि से संबंधित प्रश्न।

कंप्यूटर अनुप्रयोग का ज्ञान

मूलभूत कंप्यूटर ज्ञान पर आधारित प्रश्न जो की कंप्यूटर की विशेषताओं, कंप्यूटर की संरचना रैम, रॉम, फाइल सिस्टम, इनपुट डिवाइस, कंप्यूटर सॉफ्टवेयर - हार्डवेयर एवं सॉफ्टवेयर के बीच संबंध, ऑपरेटिंग सिस्टम, एमएस ऑफिस (वर्ड, एक्सेल / स्प्रेडशीट, पावरपॉइंट की जानकारी), सूचना प्रौद्योगिकी एवं समाज-भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, डिजिटल हस्ताक्षर, ई-गवर्नेंस के लिए सरकार में सूचना प्रौद्योगिकी का अनुप्रयोग, सूचना कियोस्क आदि से होंगे।